## श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर 2018–19

### बैठक सूचना

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक कल दि0 20.12.2018 को अपराहन् 1:30 बजे प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य की अध्यक्षता में होना सुनिश्चित की गई है।

अतः आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समस्त सदस्य उक्त दिनांक, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने का कष्ट करें।

बैठक का एजेण्डाः–

1. अभिभावक सम्मेलन पर चर्चा।
2. समय की पाबन्दी के सम्बन्ध में।
3. मोबाईल पर प्रतिबन्ध।
4. महाविद्यालय में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा।
5. अन्य विषय प्राचार्य की अनुमति से।

## बैठक कार्यवाही

आज दिनांक 20.12.2018 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुई। उक्त बैठक में सर्वप्रथम महाविद्यालय में अभिभावक सम्मेलन कराने पर चर्चा की गई इस पर प्रबन्धक डॉ0 प्रमोद कुमार मित्तल जी ने कहा कि पिछले अभिभावक सम्मेलन में अभिभावकों की भागेदारी अनुमान से कम थी ऐसा नहीं होना चाहिए और यह अभिभावक सम्मेलन हमारे महाविद्यालय में प्रतिवर्ष पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती पर आयोजित किया जाता है तथा इस अभिभावक सम्मेलन के प्रचार एवं प्रसार में कोई कमी न रहने पाये मैं व्यक्तिगत रूप से प्राचार्य से अनुरोध करूँगा कि वे ऐसी व्यवस्था करें जिससे अभिभावक सम्मेलन में अभिभावकों की शत्प्रतिशत् भागीदारी हो तथा अभिभावक शिक्षक एक मंच पर आकर अपने पाल्य की शिक्षा एवं वातावरण की प्रगति जान सकें।

इस पर प्राचार्य डा0 ए0के0 शर्मा ने कहा कि अभिभावक अधिक से अधिक आयें इसके लिए प्रत्येक विद्यार्थी के माध्यम से आमन्त्रण पत्र अभिभावकों तक पहुँचेंगे जिससे समस्त अभिभावक 25 सितम्बर को अभिभावक सम्मेलन के लिए समय निकाल सकें।

इसके उपरान्त समय की पावन्दी पर चर्चा हुई जिसमें महाविद्यालय आने का समय प्रातः 9:30 बजे एवं वन्दना 09:45 बजे रखना निश्चित किया गया।

इसके बाद मोबाईल के प्रतिबन्ध पर सभी सदस्यों के विचार लिये गये जिसके आधार पर सूचना पट पर एवं महाविद्यालय परिसर में मोबाईल का प्रयोग वर्जित है का प्रसार किये जाने हेतु आदेशित किया गया तथा प्राचार्य महोदय द्वारा कहा गया मैं शिक्षकों की बैठक में इस बात को स्पष्ट रूप से रखूंगा शिक्षकों के कक्षाओं में जाने पर मोबाईल का प्रयोग न करें एवं कक्षाओं में अध्यापन कार्य हेतु निर्धारित समय से पहुँचे।

इसके बाद महाविद्यालय में होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं उनको प्रभावी ढंग से आयोजित करने के लिये सभी शिक्षक/कर्मचारियों को उत्तर दायित्व सौंपने के विषय में चर्चा हुई तथा इस चर्चा में विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभारी एवं उनके सहयोगियों के नाम तय किये गये।

अन्य कोई विषय ना होने के कारण बैठक का समापन वन्देमातरम से किया गया।

1. डा0 भीम सिंह प्रभारी (IQAC)
2. श्री गजेन्द्र पाल सिंह
3. डॉ0 हेमा राघव
4. डा0 राज कुमार सिंह
5. कु0 विदिशा अग्रवाल
6. श्री प्रदीप शर्मा
7. श्री प्रतीक कुमार रघुवंशी
8. डा0 प्रमोद कुमार मित्तल
9. श्री चन्द्रपाल सिंह

प्राचार्य

डॉ0 एओके0 शर्मा

**Principal**
...nlal Saraswati Mahavidyalay
Shikarpur (Bulandshahr)

श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय शिकारपुर

श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर 2018–19

बैठक सूचना

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक कल दि0 20.07.2018 को अपराहन् 1:30 बजे प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य की अध्यक्षता में होना सुनिश्चित की गई है।

अतः आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समस्त सदस्य उक्त दिनांक, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने का कष्ट करें।

बैठक का एजेण्डाः–

1. आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की पिछले सत्र में किये गये कार्यों की समीक्षा
2. महाविद्यालय के एकेडमिक कैलेन्डर बनाये जाने पर चर्चा
3. महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया तथा प्रवेश प्रभारी बनाये जाने पर चर्चा
4. स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम पर चर्चा
5. अन्य विषय प्राचार्य की अनुमति से

श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय शिकारपुर

# बैठक कार्यवाही

आज दिनांक 20.07.2018 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुई। बैठक में IQAC प्रभारी ने IQAC की पिछले सत्र में किये गये कार्यों के सम्बन्ध में बताया कि प्राचार्य एवं प्रबन्धक महोदय के सहयोग से अधिकतर कार्य पूर्ण किये जा चुके है लेकिन कुछ कार्य शेष है जिसके सन्दर्भ में प्राचार्य महोदय को अवगत करा दिया है तथा प्राचार्य महोदय ने प्रबन्धक से वार्ता करके शेष कार्य भी जल्द ही पूर्ण कर लिये जाने का आश्वासन दिया है। इसके उपरान्त महाविद्यालय के एकेडमिक कैलेन्डर पर चर्चा हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि सभी विभागों से विभागीय कैलेन्डर प्राप्त करने के बाद महाविद्यालय का ऐकेडमिक कैलेन्डर तैयार किया जायेगा।

महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रवेश समिति के गठन तथा प्रवेश प्रभारी बनाये जाने पर चर्चा हुई जिससे छात्र–छात्राओं को किसी प्रकार की कठिनाई ना हो।

इसके अतिरिक्त नवीन सत्र की समस्त समितियों के गठन पर चर्चा हुई तथा अनुशासन समिति के सदस्यों को सूचित किया गया कि महाविद्यालय में विद्यार्थीओं द्वारा अनुशासन बनाये जाने पर जोर दिया जाना चाहिए। सभी छात्र–छात्रायें महाविद्यालय के वेष तथा आई–कार्ड के साथ समय पर महाविद्यालय आयें। सभी शिक्षक शिक्षिकाऐं अपनी कक्षाओं में समय से पहुचें तथा मोबाईल का उपयोग ना करें।

प्राचार्य महोदय ने कहा कि समस्त कक्षाऐं सुचारू रूप से चलाई जानी चाहिए। IQAC के सदस्य श्री प्रदीप शर्मा जी ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष समय से अपने विभाग की पुस्तकों की सूची पुस्तकालय में जमा करा दें जिससे समयानुसार पुस्तकें विद्यार्थीयों को उपलब्ध हो सकें।

IQAC के प्रभारी आगामी माह में आने वाले स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए कार्यक्रम संयोजक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सूची बनाने के लिए कहा गया।

अन्त में महाविद्यालय IQAC प्रभारी डॉ0 भीम सिंह के द्वारा IQAC के सदस्यों एवं अन्य आमान्त्रित सदस्यों को मीटींग में उपस्थित होने के लिये आभार व्यक्त किया गया।

1. डा0 भीम सिंह प्रभारी (IQAC)
2. श्री गजेन्द्र पाल सिंह
3. डॉ0 हेमा राघव
4. डा0 राज कुमार सिंह
5. कु0 विदिशा अग्रवाल
6. श्री प्रदीप शर्मा
7. श्री प्रतीक कुमार रघुवंशी
8. डा0 प्रमोद कुमार मित्तल
9. श्री चन्द्रपाल सिंह
10. श्री संदीप जैन (उद्योगपति)

प्राचार्य

डॉ0 ए0के0 शर्मा

Principal
Shyamlal Saraswati Mahavidyalaya
Shikarpur (Bulandshahr)

श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर 2018–19

बैठक सूचना

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक कल दि0 02.04.2019 को अपराहन् 1:30 बजे प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य की अध्यक्षता में होना सुनिश्चित की गई है।

अतः आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समस्त सदस्य उक्त दिनांक, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने का कष्ट करें।

बैठक का एजेण्डाः–

1. सेमेस्टर कक्षाओं के पाठ्यक्रम की स्थिति।
2. पी0यू0ई0 के द्वारा छात्र–छात्राओं की मूल्यांकन की स्थिति पर विचार।
3. वार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षाओं को समय पर सम्पन्न कराये जाने पर चर्चा।
4. आगामी सत्र में होने वाली नई योजनाओं पर चर्चा।
5. अन्य विषय प्राचार्य की अनुमति से

# बैठक कार्यवाही

आज दिनांक 02.04.2019 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुई। बैठक में IQAC प्रभारी ने IQAC की इस सत्र में किये गये कार्यों के सम्बन्ध में बताया।

उसके बाद महाविद्यालय में जिन विभागों में सेमेस्टर कक्षायें चलती हैं उनके पाठ्यक्रम की स्थिति के विषय पर चर्चा की गई कि जिन कक्षाओं में पाठ्यक्रम शेष है वो शीध्र अतिशीध्र पाठ्यक्रम पूर्ण करा लें तथा जिनका पूर्ण हो चुका है वो रेमेडियल कक्षाओं के द्वारा छात्र–छात्राओं की समस्याओं का निराकरण करें। इसके बाद पी0यू0ई0 के रिजल्ट के द्वारा छात्र–छात्राओं की स्थिति पर विचार किया गया।

प्राचार्य महोदय द्वारा कहा गया कि लगभग सभी विभागों में वार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए वाह्य परीक्षकों की सूची आ चुकी है तो सभी विभागाध्यक्ष सम्बन्धित परीक्षकों से वार्तालाप करके अपने विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा समय पर सम्पन्न कराने की कोशिश करें। इसके अलावा सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अपने विभाग के स्टॉक रजिस्टर की भी जाँच कर पूर्ण कर लें।

IQAC के सदस्य डॉ0 राजकुमार सिंह जी ने महाविद्यालय में एन0एस0एस0 के सात दिवसीय शिविर के विषय में भी चर्चा की।

अन्य कोई विषय ना होने के कारण अन्त में महाविद्यालय IQAC प्रभारी डॉ0 भीम सिंह के द्वारा IQAC के सदस्यों एवं अन्य आमान्त्रित सदस्यों को मीटींग में उपस्थित होने के लिये आभार व्यक्त किया गया।

1. डा0 भीम सिंह प्रभारी (IQAC)
2. श्री गजेन्द्र पाल सिंह
3. डॉ0 हेमा राघव
4. डा0 राज कुमार सिंह
5. कु0 विदिशा अग्रवाल
6. श्री प्रदीप शर्मा
7. श्री प्रतीक कुमार रघुवंशी
8. डा0 प्रमोद कुमार मित्तल
9. श्री चन्द्रपाल सिंह

प्राचार्य

डॉ0 ए0के0 शर्मा

Principal
Shyamlal Saraswati Mahavidyalaya
... (Bulandshahr)